ACE/22-23/036 20/12/2022

आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक-एफ 23(80)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2022-23/1607 दिनांक- 19-12-2022

समस्त रजिस्ट्रार/प्राचार्य/जिला नोडल अधिकारी,
राजकीय महाविद्यालय/वित्तपोषित विश्वविद्यालय,
वित्तपोषित महाविद्यालय/निजी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः—कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना एवं विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री(बी.एड.) संबल योजना सत्र 2022–23 के ऑनलाइन आवेदन के संबंध में।

संदर्भः—विभाग का आदेश क्रमांक 1385 दिनांक 28.11.2022, 1398 दिनांक 30.11.2022 एवं 1407 दिनांक 01.12.2022।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र से कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना एवं विधवा/परित्यक्ता मुख्यमंत्री (बी.एड.) संबल योजना सत्र 2022–23 के ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम तिथि में अभिवृद्धि कर दिनांक 21.12.2022 की गई थी।

संदर्भित पत्रों से ऑनलाइन आवेदनों जाँच हेतु लिखा गया था। उपरोक्त योजनाओं के संस्थान/महाविद्यालय/नोडल महाविद्यालय स्तर पर लम्बित ऑनलाईन आवेदन पत्रों की जांच तत्परता से कर आगामी स्तर पर फॉरवर्ड किया जाना सुनिश्चित करें।

जिन विद्यार्थियों को उनके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं। वे अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के रजिस्ट्रार/प्राचार्य से सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन की कार्यवाही करावें।

जिन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा अभी तक पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन एवं अपडेशन नहीं किया है, वे शीघ्र उक्त कार्यवाही करें। इसके अभाव में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन नहीं कर सकेंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की होगी।

(डॉ. ललिता शर्मा)
मुख्य लेखाधिकारी
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

क्रमांक-एफ 23(80)/लेखा/आकाशि/छा.ऑनलाईन/2022-23/1608 दिनांक- 19-12-2022

प्रतिलिपिः—प्रभारी वेबसाइट को अपलोड हेतु।

Notice Board/WB
All HOD's
Ramesh Sharma

20.12.22

मुख्य लेखाधिकारी
कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर

Scanned with OKEN Scanner